# JAIN COLLEGE, JAYANAGAR
# II PUC MOCK PAPER-2- 2018
## Subject : Hindi

समयः 3 घण्टा 15 मिनट | पूर्णांकः 100

सूचनाः i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिएः 6X1= 6

1) सुजान ने गाँव में क्या बनवाया?

2) कर्त्तव्य किस पर निर्भर है?

3) गंगा मैया ने किसे सर्व शक्तिमान कहा है?

4) विश्वेश्वरय्या का जन्म कहाँ हुआ?

5) माँ क्या गाने लगी?

6) 'शिन्कन्सेन' का शाब्दिक अर्थ क्या हैं?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 3X3= 9

7) 'कर्त्तव्य पालन और सत्यता के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध है।' कैसे? स्पष्ट कीजिए।

8) चीफ़ की दावत के समय माँ की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

9) भोलाराम का परिचय दीजिए।

10) पिताजी के प्रति लेखिका के क्या विचार थे?

11) जापान में हिन्दी के प्रभाव–प्रसार पर टिप्पणी लिखिए।

II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? 4X1= 4

12) 'बाबा, इतना मुझसे उठ न सकेगा।'

13) 'जो वह सो गयीं और नींद में खर्राटे लेने लगीं, तो?'

14) 'हमारे–आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब?'

15) 'महाराज, मेरी सावधानी में बिलकुल कसर नहीं थी।'

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिएः 2X3=6

16) 'सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक हमारा समय बिता सकेंगे।

17) 'वे बोलते जा रहे थे और पिताजी के चेहरे का संतोष धीरे–धीरे गर्व में बदलता जा रहा था।'

18) 'चिन्ता में घुलते–घुलते और भूख से मरते–मरते उन्होंने दम तोड़ दिया।'

19) 'पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुनः उत्थान की किरणें फूटती हैं।'

III अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिए: 6X1=6

20) रैदास के अनुसार कभी भी क्या निष्फल नहीं जाता?

21) कौन अन्तर की बात जानने वाले हैं?

22) प्राणों की सार्थकता किसमें है?

23) बेटी सजने–धजने से क्या महसूस करती है?

24) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार प्रतिहिंसा क्या है?

25) कर्नाटक में किस महाकवि के दर्शन कर सकते हैं?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3X2=6

26) सूरदास ने माखन चोरी प्रसंग का किस प्रकार वर्णन किया है?

27) बेटी रंगीन कपड़े और गहने क्यों नहीं चाहती?

28) 'कायर मत बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते है?

29) वृक्ष के न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गये?

इ) निम्नलिखित की ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: 2X4=8

30) अति अगाधु अति औथरौ, नदी, कूप, सरू बाइ।<br>सो ताकौ सागरू जहाँ।, जाकी प्यास बुझाइ।।

**अथवा**

अब कैसे छूटे राम रट लागी।<br>प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,

31) ऐसा तेरा लोक, वेदना,<br>नहीं, नहीं जिसमें अवसाद,<br>जलना जाना नहीं, नहीं–,<br>जिसने जाना मिटने का स्वाद!

**अथवा**

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं<br>मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए

IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए: 5X1=5

32) मूलराज के मँझले बेटे का नाम लिखिए।

33) किसने सारी–की–सारी छत फावड़े से खोद डाली ?

34) 'सूखी डाली' के एकांकीकार का नाम लिखिए।

35) पुत्र को कब निर्वासित कर सकता है?

36) पिता ने भारवि की किन शब्दों में ताड़ना की?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2X5=10

37) दादाजी के 'बड़प्पन' के संबंध में क्या विचार थे?

**अथवा**

बेला की चारित्रिक विशेषताओं का संक्षेप में प्रकाश डालिए।

38) भारवि ने अपने पिता से किस प्रकार का दण्ड चाहा और उसे क्या दण्ड मिला?

**अथवा**

ग्लानि और जीवन के संबंध में श्रीधर के क्या विचार हैं?

V अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए: 4X1=4

41) 1) लोगों ने झूठी चाटुकारी करके बड़े–बड़े नौकरियाँ पा ली।

2) पाशविकता बढ़ता चला जा रहा हैं।

3) मेहमान लोग आठ बजे आएगा।

4) बाजार का कोई शोर सुनाई नहीं देती।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: 4X1=4

(कावेरी, पावन, से, कर्त्तव्य)

42) 1) अब इन व्यापारों . . . . उसे घृणा होती थी।

2) मनुष्य का परम धर्म . . . . .पर ध्यान नहीं देते।

3) उस दिन दक्षिण की . . . . .बहिन मिली थी।

4) वह सरस्वती देवी का. . . मंदिर है।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: 3X1=3

43) 1) व्यापारी ट्रक में माल भरकर लाता है। (भूतकाल में बदलिए)

2) अँधी लकड़ी के सहारे मार्ग तय करती थी। (भविष्यत् काल में बदलिए)

3) इस दिशा में काम शुरू हो जाएगा। (वर्तमान काल में बदलिए)

इ) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के अनुसार जोड़कर लिखिए: 4X1=4

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 44) | 1) | टोपी उछालना | क) | सफल न होना। |
| | 2) | आँखों से गिरना | ख) | उपेक्षा करना। |
| | 3) | मुँह फेरना | ग) | सम्मान नष्ट होना। |
| | 4) | दाल न गलना | घ) | अपमानित करना। |

उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए: 3X1=3

45) (1) विद्वान, (2) साधु, (3) सदस्य।

ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: 3X1=3

46) (1) आलोचना करने वाला।

(2) आँखों के सामने होने वाला।

(3) उपकार को न मानने वाला।

ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए: 2X1=2

1. मान। 2. राज्यपाल।

आ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए: 2X1=2

1. प्रभावित 2. स्वच्छता।

vi अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए: 5X1=5

(1) स्त्री शिक्षा की आवश्यकता।

(2) समाचार पत्रों का महत्व।

(3) मेरे जीवन की अविस्मरणीय घटना

**अथवा**

अपने क्षेत्र में डेंगू के प्रकोप का वर्णन करते हुए उचित कार्यवाही के लिए क्षेत्रिय स्वास्थ्याधिकारी को पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5X1=5

47) साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता–जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिए कोई नई वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरन्तर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय और विद्यालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे

थे। इनके अतिरिक्त विद्वज्जनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे। मुद्रणकला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी सम्पत्ति लगती है, उतनी कभी–कभी एक–एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संसार–भर में अपनी सानी नहीं रखते थे। प्राचीन काल से मुगल सम्राटों के समय तक यही स्थिति रही। चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुण्ड के झुण्ड विद्यानुरागी लम्बी यात्राएँ करके भारत आया करते थे।

प्रश्न 1. साहित्योन्नति के साधनों में किसका स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है?

प्रश्न 2. पुस्तकालय किसका जीता–जागता गवाह है?

प्रश्न 3. पहले पुस्तकालय किन–किन स्थानों पर हुआ करते थे?

प्रश्न 4. पुराने समय में पुस्तकों पर अधिक व्यय क्यों होता था?

प्रश्न 5. पुस्तकालयों के कारण भारत को क्या गौरव प्राप्त था?

इ) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 5X1=5

48) (i) Most of the Indians depend upon agriculture.

(ii) Obedience is available from education.

(iii) Human being is the finest creation of God.

(iv) Human wants are unlimited but resources are limited.

(iv) Schoola are the foundation of learning.

* * * * * * * * * * * * * *